समाचार

नोवल कोरोना वायरस

60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का वैक्सीनेशन 01 से 05 मार्च तक

(जिला चिकित्सालय में निःशुल्क एवं बालाजी ट्रामा सेंटर में स–शुल्क वैक्सीनेशन की व्यवस्था)

कोरबा 28 फरवरी 2021 –शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार हेल्थ वर्कर एवं फ्रंटलाईन वर्करों के वैक्सीनेशन के पश्चात प्राथमिकता के क्रम में 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के वैक्सीनेशन का कार्य 01 मार्च से 05 मार्च तक प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक किया जाएगा। निःशुल्क वैक्सीनेशन की व्यवस्था जिला चिकित्सालय कोरबा में की गई है, जबकि जो व्यक्ति शुल्क देकर वैक्सीनेशन कराना चाहते है, वे बालाजी ट्रामा सेंटर में अपना पंजीयन कराकर वैक्सीनेशन करा सकते हैं।

वैक्सीनेशन के पंजीयन हेतु संबंधित व्यक्ति को आधार कार्ड, पेनकार्ड, वोटर आईडी, पासपोर्ट, ड्रायविंग लायसेस सहित अन्य फोटो आईडी में से किसी एक पहचान पत्र को साथ में लाना होगा, जिससे कि उनकी उम्र एवं पहचान सुनिश्चित हो सके, तत्पश्चात उनका पंजीयन किया जाएगा एवं वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसी प्रकार 45 से 59 वर्ष के ऐसे व्यक्ति जो किसी गंभीर रोग जैसे हृदय रोग, कैंसर, शुगर, किडनी रोग, ब्लड प्रेशर, एचआईवी आदि (को–मार्विड) से पीड़ित हैं, को वैक्सीनेशन कराने हेतु रजिस्ट्रर्ड मेडिकल प्रेक्टिसनर/डॉक्टर से निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।